तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

11 कुमासपुर में 30 लाख से होगा सड़क का पुनर्निर्माण



12 यज्ञ और योग सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग : कुलपति



खबर संक्षेप



### हंसिका ने बॉक्सिंग में जीता सोना

**खरखौदा।** बेंगलुरु में आयोजित एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल गेम्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल की होनहार मुक्केबाज़ हंसिका ने अंडर -19, 70 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश दहिया, स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रताप स्कूल, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, बॉक्सिंग कोच नवीन और पिंकू ने हंसिका की जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने कहा कि हंसिका इससे पहले दुबई में आयोजित एशियन जूनियर महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी है।

### मुरथल का युवक अवैध हथियार सहित पकड़ा

**सोनीपत।** सोनीपत क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विशाल उर्फ विशु पुत्र सुरेश निवासी गांव मुरथल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 11 फरवरी को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि युवक ओशो आश्रम के पास अवैध पिस्तौल लेकर खड़ा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया और तलाशी के दौरान उसकी पेंट से .32 बोर का देशी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया गया।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने वीरवार को एचएसवीपी सेक्टर-15 कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर दोपहर 12 से 2 बजे तक रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच, आंगनबाड़ी वर्कर, मिड डे मील वर्कर, सफाई कर्मचारी और ग्रामीण चौकीदार शामिल रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के प्रदेश महासचिव एवं हुडा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. नागर और प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। सभा में आर.के. नागर ने सरकार से कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी, कच्चे कर्मचारियों का समायोजन, समान वेतन, पुरानी पेंशन नीति बहाली, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने और विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों को सरकारी दर्जा देने की मांग की।

# फोम फैक्ट्री में लगी भीषण आग, काले धुएं के गुबार से आसमान में छाया अंधेरा



**सोनीपत।** रोहतक रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार को फोम बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। हादसे के दौरान फैक्टरी के अंदर रखा कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में काले धुएं का गुबार छा गया और आग तेजी से फैलती गई। ऐसे में सोनीपत सहित रोहतक, बहादुरगढ़, समालखा से फायर बिग्रेड की 14 गाड़ियों ने 3.30 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## सोनीपत व तीन शहरों से आए 14 फायर टेंडर ने साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया

### 30 कमचारी फैक्ट्री में फंसे

हालांकि हादसे में बड़ा हादसा होने से टल गया। समय रहते सूझबूझ के साथ अंदर कार्यरत करीब 30 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उधर मौके पर करीब 45 मिनट की देरी से पहुंचने के कारण अग्निशमन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में पैरामाउंट कंपनी की फोम बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने के दौरान फैक्ट्रीके अंदर करीब 30 कर्मचारी कार्य कर रहे थे। आग लगते ही कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए फायर फाइटिंग पाइपलाइन की मदद से शुरुआती प्रयास किए, लेकिन गोदामों में रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैल गई। राहत की बात यह रही कि प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने पर सवाल



फैक्ट्री में आग लगने से शेड, मशीनें, भारी मात्रा में रखा कच्चा माल व सप्लाई के लिए तैयार फोम के गद्दे जल गए हैं। फैक्ट्री मालिक का कहना है कि अभी नुकसान का आकलन नहीं किया है। उधर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर देरी से पहुंचने पर फैक्टरी प्रबंधन व स्थानीय लोगों ने रोष जताया। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब 45 मिनट की देरी से मौके पर पहुंची। यदि गाड़ियां समय पर मौके पर पहुंची जाती तो आग पर नियंत्रण पाकर नुकसान कम हो सकता था।

## सिसाना में मोबाइल कंपनी के टावर में आग लगी

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव सिसाना में आवासीय क्षेत्र में प्राइवेट कंपनी के मोबाइल टावर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि आसपास के क्षेत्र में रहने वाले ग्राम वासियों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूझबूझ व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सिसाना गांव में एक प्राइवेट मोबाइल फोन कम्पनी का टावर लगा हुआ है। जिस पर एयरटेल, वोडाफोन व आइडिया तीन कंपनियों की सर्विस दी जा रही है। जिसमें अचानक आग लग गई। आग से आसपास के क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों में अफरा- तफरी मच गई, ग्रामीणों ने सूझबूझ परिचय देते हुए फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी। साझा प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रकार के टावरों का आबादी के क्षेत्र में होना ही गलत है। इनमें बहुत बड़ी-बड़ी बैटरियां व अन्य नुकसानदायक सामान लगा होता है। आज जिस प्रकार से इस टावर के नीचे आग लगी है । यदि समय पर इसकी देखरेख नहीं होती तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। उनका कहना है कि इस प्रकार की प्राइवेट कंपनियां टावरों को लगाकर चली जाती हैं। इतना ही नहीं टावरों का समय-समय पर कोई देखभाल नहीं की जाती। सिसाना गांव में जो यह टावर लगा हुआ है इसकी निगरानी के लिए किसी गार्ड की भी व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस टावर को आबादी क्षेत्र से हटवा कर कहीं खुले में लगवाया जाए, ताकि सुरक्षा मानकों के साथ खिलवाड़ न हो।

## विधवा महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप

**गन्नौर।** गन्नौर क्षेत्र में एक विधवा महिला को बंधक बनाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसे धमकाकर चुप रहने के लिए मजबूर किया गया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद महिला ने थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि डिवाइन सिटी निवासी प्रमोद कुमार ने उसे बहाने से बुलाया और जबरदस्ती अपने पास रोककर रखा। इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना बाड़ी पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।




■ विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दिल्ली का रहने वाला था

**सोनीपत।** रिश्तेदार के घर जा रहा एक युवक की रविवार देर शाम सड़क हादसे में घायल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। युवक की हालत गंभीर होने के चलते उसे दिल्ली रोहिणी के सेक्टर 15 स्थित ईएसआई अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद युवक ने सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक के चचेरे भाई शेर सिंह निवासी नगली पुना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भाई बोबी निवासी दिल्ली 8 फरवरी 2026 को बाइक से रिश्तेदार के यहां जा रहा था। जब बोबी कुंडली स्थित पार्कर मॉल पुल के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बोबी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उन्हें सोनीपत के फेम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर परिवार की सहमति से उन्हें रोहिणी के सेक्टर 15 स्थित ईएसआई अस्पताल रेफर किया गया था।

## मेल एक्सप्रेस बनकर जल्द पटरी पर दौड़ेगी नेताजी एक्सप्रेस, सुपरफास्ट का हटेगा दर्जा

**सोनीपत।** सोनीपत के रास्ते हावड़ा से कालका अपडाउन रूट पर आवागमन करने वाली ट्रेन संख्या 12311 व 12312 नेताजी एक्सप्रेस का अप्रैल माह से मेल एक्सप्रेस के रूप में परिचालन किया जाएगा। फिलहाल इस ट्रेन को उत्तर रेलवे की ओर से सुपरफास्ट का दर्जा दिया गया है। सुपरफास्ट का दर्जा हटने के बाद नेताजी एक्सप्रेस की ट्रेन संख्या में बदलाव के साथ यात्रियों को किराए में छूट भी प्रदान की जाएगी। अधिकारियों की मानें तो 13 अप्रैल से नेताजी एक्सप्रेस का मेल एक्सप्रेस के रूप में परिचालन होगा।



**ट्रेन का किराया कम होने से यात्रियों को राहत** :सुपरफास्ट का टैग हटाने के बाद नेताजी एक्सप्रेस का ट्रेन संख्या 13051 व 13052 के रूप में परिचालन होगा। ट्रेन का किराया कम होने से यात्रियों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। फिलहाल ट्रेन संख्या 12311 नेताजी एक्सप्रेस का हावड़ा स्टेशन से रात 9:55 बजे परिचालन शुरू किया जाता है, जो अगले दिन रात 9:52 बजे सोनीपत के रास्ते सुबह 3 बजे कालका स्टेशन पर अपनी यात्रा संपन्न करती है। वापसी में ट्रेन संख्या 12312 नेताजी एक्सप्रेस कालका से रात 11:55 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर सुबह 4:22 बजे सोनीपत के रास्ते अगले दिन सुबह 8:05 बजे हावड़ा स्टेशन पर अपनी यात्रा संपन्न करती है। ट्रेन में सफर करने के लिए किराये के साथ सुपरफास्ट का चार्ज फर्स्ट एसी में 75 रुपये प्रति टिकट, सेकेंड व थर्ड एसी कोच में सफर करने के लिए 45 रुपये प्रति टिकट चार्ज लिया जा रहा है। स्लीपर में यात्रा करने पर 30 रुपये अतिरिक्त चार्ज लिया जाता है। 13 अप्रैल से इस ट्रेन में यात्रा के दौरान सुपरफास्ट चार्ज नहीं लिया जाएगा।

### ये बोले अधिकारी

नेताजी एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों से अप्रैल माह में सुपरफास्ट का दर्जा हटाया जा रहा है। रेल परिचालन को बेहतर करने के लिए 13 अप्रैल से हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस का मेल एक्सप्रेस के रूप में परिचालन होगा।
-हिमांशु शेखर उपाध्याय
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

# देशव्यापी हड़ताल : सफाई व बैंकिंग सेवाएं प्रभावित

## कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर श्रम कानूनों और निजीकरण का किया विरोध, नारेबाजी

**सोनीपत।** सोनीपत में 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर वीरवार को हुई हड़ताल हुई। नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर इसका स्पष्ट प्रभाव पड़ा। हड़ताल में 263 सफाई कर्मचारियों के शामिल होने से शहर के कई बाजारों और प्रमुख सड़कों पर कूड़े के ढेर जमा हो गए। हड़ताल के समर्थन में विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय से रेलवे रोड और गीता भवन चौक होते हुए बस अड्डे तक जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर सरकार की श्रम नीतियों और निजीकरण के खिलाफ रोष व्यक्त किया। कर्मचारियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपने अधिकारों की रक्षा की मांग की। जुलूस के दौरान कर्मचारी नेताओं शीलकराम मलिक, जयभगवान दहिया, सुनीता, राजाभाई और भारत कंडेरा ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिकों के लंबे संघर्ष से प्राप्त 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नए लेबर कोड लागू किए गए हैं, जिससे श्रमिक अधिकार कमजोर हो रहे हैं।




### बस अड्डे पर दो बजे तक प्रदर्शन

सोनीपत बस अड्डे पर रोडवेज कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रदर्शन किया। हालांकि प्रदर्शन के बावजूद रोडवेज बसों का संचालन जारी रहा, जिससे यात्रियों को बड़ी परेशानी नहीं हुई। लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया, जिसके कारण करीब 400 करोड़ रुपये के लेनदेन प्रभावित रहने का अनुमान लगाया गया। बैंक पहुंचे उपभोक्ताओं को कैश लेनदेन, चेक क्लियरेंस और अन्य सेवाओं में देरी का सामना करना पड़ा। कई उपभोक्ता काम न होने के कारण निराश होकर वापस लौट गए।जिले के राजस्व विभाग पर भी हड़ताल का असर पड़ा। जिलेभर में 19 कानूनगो और 73 पटवारी हड़ताल पर रहे, जिससे 30 जनवरी से इंतकाल और प्रमाणपत्र सत्यापन कार्य प्रभावित है।

### कर्मचारी बोले- दमनकारी नीति अपना रही सरकार

**खरखौदा।** बिजली निगम कार्यालय खरखौदा के प्रांगण में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर हड़ताल में भाग लिया। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान प्रतीक ने इसकी अध्यक्षता की। जबकि जितेंद्र व अजीत ने संचालन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा दमनकारी नीति अपनाकर कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। कच्चे कर्मियों को पक्का नहीं किया जा रहा है। पुरानी पेंशन को भी बहाल नहीं किया जा रहा है। जबकि जनता द्वारा चुने गए विधायक और सांसद पेंशन ले रहे हैं। उनकी पेंशन को भी बंद किया जाना चाहिए। पटवारी एसोसिएशन के जिला प्रधान सन्नी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रही है। इसलिए वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं। विभागों का निरंतर निजीकरण करके कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। समय रहते सरकार कर्मचारियों के हितों में कर्मचारियों को पक्का करने व अन्य मांगों को पूरा नहीं करती तो आगामी चुनाव में कर्मचारी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने से नहीं चूकेंगे।





स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना
# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों ने जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट वे बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक



## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।



शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शेड कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप


सोनीपत। भगवान शिव की पूजा करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

### जन्मदिन पर हवन और गोमाता की सेवा की

**सोनीपत।** निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा है कि राजनीति में गिरने के बाद बार बार संभाला भी जनता ने ही है जिसके लिए सारी उम्र कर्जवान रहेंगे। जैन अपने जन्मदिन पर सैनीपुरा में आयोजित हवन यज्ञ,गोशाला में गोमाता की सेवा, सुदामा नगर, कल्याण नगर, आईटीआई चौक, कच्चे क्वार्टर मार्किट, वेस्ट राम नगर में कार्यकर्ताओं के बीच तथा अपने कार्यालय में केक काटकर शुभकामनाएं देने आये साथियों के बीच विचार व्यक्त कर रहे थे।


सोनीपत। हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ निदेशक एवं अन्य।

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में वीरवार को फ्रेशर पार्टी "उद्भव 2025-26" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डीपी सिंह के नेतृत्व में तथा अप्लाइड साइंस विभाग प्रमुख अनीला नशियर और मैकेनिकल विभाग प्रमुख अरुण कुमार राय की देखरेख में हुई। अर्जुन देव मित्तल, राजीव आचार्य और सत्यनारायण शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।


गोहाना। समारोह में विधायक इंदुराज नरवाल व खाप प्रतिनिधियों का ढोल नगाड़ों से स्वागत करते हुए।

### आपसी भाईचारा समाज की मजबूती का प्रतीक : इंदुराज

**गोहाना।** गुरुवार को गांव कथूरा स्थित नरवाल भवन में नरवाल खाप भाईचारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों के प्रतीक बने इस समारोह में बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) सहित खाप के गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। अध्यक्षता खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष भलेराम नरवाल ने की। समारोह में विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि सामाजिक भाईचारा हमारे समाज की धुरी है।


सोनीपत। दिल्ली विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान अतिथि के साथ विद्यार्थी साथ में सचांलक एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

### नागरिकता मिलने के अनुभव साझा किए

**सोनीपत।** देवड़ू रोड स्थित दिल्ली विद्या पीठ में आध्यात्मिक ज्ञान वर्धन हेतु आयोजित कार्यक्रम में जर्मन मूल की साध्वी उर्सला श्रामे बहन मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने बच्चों को ईश्वर का प्रतिरूप बताते कहा कि उनके चेहरों में उन्हें ईश्वर के दर्शन होते हैं। भारतीय संस्कृति के प्रति अपने लगाव और भारतीय नागरिकता मिलने के अनुभव साझा किए तथा गुरु से मिले नाम गोपिका के बारे में बताया। साध्वी ने बच्चों को माता-पिता, गुरुओं का सम्मान, सही कर्म और सार्थक जीवन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

# समस्याओं को गंभीरता से लें संबंधित अधिकारी : सारवान

- उपायुक्त ने लघु सचिवाल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सोनीपत मार्ग स्थित लघु सचिवालय में गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में 33 शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया और बाकी बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना है। प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा प्रत्येक शिकायत पर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लें और जिस भी विभाग में जो शिकायत समाधान के लिए भेजी जाए उसका प्राथमिकता के साथ तय सीमा में समाधान करवाएं। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी और ढिलाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। शिविर में जिला उपायुक्त ने गांव बुटाना खेतलान के संदीप द्वारा पेयजल समस्या और आनंद द्वारा पंचायती गली पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव सैनीपुरा के जगदीश, गांव बली ब्राह्मणान के हरिओम तथा गांव रभड़ा की सरला की इंतकाल संबंधी शिकायतों के समाधान हेतु



गोहाना। जिला उपायुक्त सुशील सारवान लोगों की शिकायतें सुनते व विद्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के सीखने का आकलन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। गांव पूठी निवासी विकास दूहन के अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के निवेदन पर उपायुक्त ने तुरंत एसडीएम को कार्रवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव भैसवाल से गली के बीच लगे बिजली के खंभे को हटाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के एक्सईएन को 72 घंटे में खंभा हटाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव घड़वाल के महेंद्र द्वारा 20 वर्ष से अधिक कब्जे वाली भूमि पर मालिकाना हक दिलाने का आग्रह भी रखा गया। गांव खानपुर के ओमप्रकाश द्वारा टूटी सडक़ के निर्माण में देरी की शिकायत पर उपायुक्त ने ठेकेदार से फोन पर बात कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अवैध कब्जों की जांच के निर्देश

डीसी ने नूरनखेड़ा में पंचायती कार्यों की गुणवत्ता एवं वैधता की जांच, ईशापुर खेड़ी में प्लॉटों पर कब्जा दिलाने, भैंसवान खुर्द में फिरनी से अवैध कब्जा हटाने, अहमदपुर माजरा में पंचायती भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा पंचायती ट्यूबवेल के पानी की आपूर्ति की जांच के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि समाधान शिविर के अतिरिक्त कार्यालय में प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी आपसी समन्वय से शीघ्र समाधान किया जाए।

### शिविर में ये अधिकारी रहे मौजूद

समाधान शिविर में एसीयूटी आईएएस योगेश दिल्हौर, आईएफएस रेनू बाला, डीसीपी भारती डबास, एसडीएम गोहाना का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, देवीलाल सहकारी चीनी मिल आहूलाना की प्रबंध निदेशक अंकिता वर्मा, एसीपी राहुल देव, डीडीपीओ मनीष, नायब तहसीलदार जितेन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्यालयों का निरीक्षण भी किया

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने बड़ौता, भैंसवान खुर्द और बड़वासनी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सोनीपत जिला प्रशासन ने निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्रोजेक्ट अक्षर की शुरुआत की है। ये पहल डीसी सोनीपत के नेतृत्व में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर सीखने के स्तर को सुदृढ़ करना और निपुण लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को स्वयं खाकर भी जांचा।


राई। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत का स्वागत करते युवा भाजपा नेता जसपाल आंतिल व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

# कुमासपुर में 30 लाख से होगा सड़क का पुनर्निर्माणः गहलावत

- प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही : कृष्णा गहलावत
- विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

गांव कुमासपुर में राई विधायक कृष्णा गहलावत ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से करीब 30 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लंबे समय से जर्जर मार्ग के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक के गांव पहुंचने पर भाजपा नेता जसपाल आंतिल, सतपाल शर्मा, विष्णु आंतिल, सतपाल, प्रदीप आंतिल व सरपंच सतेंद्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष क्षेत्र की अन्य समस्याएं भी रखीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की आधारशिला होती हैं और बेहतर सड़क सुविधा से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा कृषि गतिविधियों को मजबूती मिलती है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि इस सड़क के बनने से किसानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में सुविधा होगी और आसपास के गांवों का संपर्क भी बेहतर होगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय सीमा में काम पूरा किया जाए।

### विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अंत में विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। वजीर, प्रकाश, राजू पंडित ,राजपाल , मीना देवी, दीपक, अजय मौजूद रहे।

प्रबंधन व प्रशिक्षक के बीच मनमुटाव सामान सुभाष स्टेडियम में पहुंचाया

# सीआरजेड विद्यालय में अचानक सरकारी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र बंद

## 15 साल से चल रहा था केंद्र, अचानक बंद होने पर उठ रहे सवाल

- अब सुभाष स्टेडियम व सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में सुबह-शाम प्रशिक्षण लेंगे खिलाड़ी
- हॉकी प्रशिक्षक राहुल वर्ष 2014 से खिलाड़ियों को कर रहे प्रशिक्षित, करीब 70 राष्ट्रीय व 5 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका चुके जिले का नाम
- खेल मंत्री से लेकर विभाग के कमीशनर व जिला खेल अधिकारी के दरबार में पहुंचा मामला, स्कूल प्रबंधन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रामनगर स्थित सीआरजेड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करीब 15 साल से चल रहा हॉकी प्रशिक्षण केंद्र वीरवार को बंद कर दिया गया। प्रशिक्षण केंद्र के अचानक बंद होने से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। मामला खेल मंत्री से लेकर खेल विभाग के कमीशनर व जिला खेल अधिकारी के दरबार में भी पहुंच चुका है। फिलहाल हॉकी प्रशिक्षण केंद्र बंद होने का कारण स्कूल प्रबंधन व प्रशिक्षक के बीच आपसी मनमुटाव माना जा रहा है। ऐसे में प्रशिक्षक ने उन्हें मुख्यालय की ओर से खिलाड़ियों अभ्यास के लिए दिए गए सामान को उठाकर गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में पहुंचा दिया गया है। सरकार की ओर से सीआरजेड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करीब 15 साल से सरकारी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा था। वर्तमान में केंद्र में करीब 100 खिलाड़ी हॉकी का प्रशिक्षण ले


सोनीपत। रामनगर स्थित सीआरजेड विद्यालय में खेल का सामान ट्रैक्टर-ट्राली में लोढ़ करते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

रहे थे, इनमें 50 खिलाड़ी सरकारी योजना के तहत भी शामिल हैं। ऐसे में हॉकी प्रशिक्षण व मैदान के रखरखाव का खर्च खेल विभाग की ओर से वहन किया जा रहा था। खेल बजट की कमी में प्रशिक्षक व खिलाड़ियों की ओर से सुविधाओं व मैदान के रखरखाव का खर्च उठाया जाता था। वर्ष 2014 से प्रशिक्षक राहुल सरकारी व गैरसरकारी सभी खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे है। प्रशिक्षक का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने जनवरी 2026 में मैदान के बीच में बोरिंग का कार्य करवाने के चलते मैदान का लेवल नीचे व उबड़ खाबड़ कर दिया गया। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास में परेशानी का सामना करना पड़ा। जब वह अपनी शिकायत लेकर विद्यालय प्रबंधन के पास पहुंचे तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके विपरीत उन पर अभद्रता का आरोप लगाकर खेल मंत्री, विभाग के कमीशनर व जिला खेल अधिकारी को पत्र भेज दिया। ऐसे में प्रशिक्षक ने विभाग की ओर से उनके नाम जारी किया गया खेल का सामान स्कूल के कमरे से उठवाकर सुभाष स्टेडियम में रखवा दिया। हालांकि स्कूल से अचानक हॉकी प्रशिक्षण केंद्र बंद किए जाने का स्पष्ट उजागर नहीं हो पाया है।

### हॉकी प्रशिक्षण केंद्र से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक चमका सोनीपत का नाम

सीआरजेड विद्यालय में चल रहे हॉकी प्रशिक्षण केंद्र से सैकड़ों हॉकी खिलाड़ी जिले का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका चुके हैं। इनमें करीब 70 खिलाड़ी राष्ट्रीय तो 5 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षक राहुल के नेतृत्व में सोनीपत की झोली में पदकों की बौछार कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपियन व एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक नैन, इंडियन टीम में पवन मलिक गोलकीपर के रूप में खेल रहे हैं। इनके अलावा तनुज गुलिया, अमित मलिक, अभिषेक नैन एक ही बैच में प्रशिक्षण लेकर हॉकी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक छलांग चुके हैं।

### जल्द दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी राय सुनी जाएगी

रामनगर स्थित सीआरजेड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे हॉकी प्रशिक्षण केंद्र को बंद कर दिया गया है। फिलहाल केंद्र को लेकर हुए मनमुटाव के बारे में जानकारी नहीं है, जल्द ही दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी राय सुनी जाएगी। खिलाड़ियों के लिए अब सुभाष स्टेडियम व सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हॉकी प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई गई है।

**- मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी, सोनीपत**

### वर्ष 2026 में प्राप्त उपलब्धियां सरकारी विभागों में नौकरी

इसी साल जिला के खिलाड़ी राज्यस्तर पर अंडर-14 व 17 में गोल्ड व अंडर-19 में ब्रांज मेडल प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा 23 से 28 जनवरी तक आयोजित जूनियर व सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में भी खिलाड़ी गोल्ड मेडल दिला चुके हैं। इसी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र के 14 बच्चे वर्ष 2026 में राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में प्रतिभागिता कर चुके हैं। इसके अलावा केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी सफलता के आधार पर जिले के करीब 100 युवा खिलाड़ी कस्टम, इनकम टैक्स, एयर इंडिया, रेलवे, हरियाणा पुलिस, बीएसएफ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब अचानक स्कूल से प्रशिक्षण केंद्र बंद होने पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### अब खिलाड़ियों को दो जगहों प्रशिक्षण को लगानी पड़ेगी दौड़

विद्यालय से हॉकी प्रशिक्षण केंद्र अचानक बंद किए जाने पर शहर के हॉकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को दो जगहों की दौड़ लगानी पड़ेगी। जिला खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों के अब सुभाष स्टेडियम व सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए जगह निर्धारित कह हैं। सुबह के समय खिलाड़ियों को गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम तो शाम को सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए पहुंचना होगा। इसके बाद ही वह खुद को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार कर सकेंगे।


सोनीपत। दिल्ली में कार्यक्रम में पहुंचीं जीवीएम की छात्राएं।

### जीवीएम की 25 छात्राओं और तीन फैकल्टी सदस्यों ने स्टार्टअप समिट 4.0 में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** टैक्रोपार्क स्थित आईआईटी दिल्ली के सोनीपत कैम्पस में 12 से 13 फरवरी तक दो दिवसीय सोनीपत स्टार्टअप समिट 4.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जीवीएम गर्ल्ज कालेज की 25 छात्राओं ने तीन फैकल्टी सदस्यों के साथ हिस्सा लिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि स्वर्णिम कैरियर निर्माण व ज्ञानवर्धन की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों का हिस्सा बनना मील का पत्थर साबित होता है। जीवीएम की प्राध्यापिका डा. रेनू ने बताया कि आईआईटी दिल्ली के सोनीपत कैम्पस में सोनीपत स्टार्टअप समिट 4.0 का आयोजन करवाया जा रहा है। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार ने शामिल होकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। बताया कि समिट में हिस्सा लेकर छात्राओं को स्टार्टअप स्थापना की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# गांव जठेड़ी में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली भव्य कलश यात्रा


राई। विधायक कृष्णा गहलावत कलश उठाकर यात्रा का शुभारंभ करते, साथ हैं गांव के सरपंच योगेश जठेड़ी व ग्रामीण।

- राई विधायक कृष्णा गहलावत ने मंदिर परिसर से कलश उठाकर किया कलश यात्रा का शुभारंभ

**राई।** गांव जठेड़ी में मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और उत्साह के माहौल में निकली यात्रा का शुभारंभ राई विधायक कृष्णा गहलावत ने मंदिर परिसर से कलश उठाकर किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर में पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किए गए और पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते विधायक कृष्णा ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सरपंच योगेश जठेड़ी, रणबीर मास्टर आदि मौजूद थे।


सोनीपत। दिल्ली पहुंचें हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थी।

### उद्यमिता-तकनीकी विकास की प्रक्रियाओं से अवगत करवाया

**सोनीपत।** नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु हिंदू इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल संयोजक चारू जैन और कुलदीप दहिया द्वारा विद्यार्थियों के लिए यह शैक्षणिक भ्रमण वीरवार को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ना तथा उन्हें नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी विकास की वास्तविक प्रक्रियाओं से अवगत कराना रहा। इस कार्यक्रम में 50 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को इनक्यूबेशन सेंटर की कार्य प्रणाली, स्टार्टअप स्थापना की प्रक्रिया, फंडिंग मॉडल, मेंटरशिप सिस्टम और उद्योग जगत की चुनौतियों में अवसरों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवानी ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक अनुभव साबित होगा।


गोहाना। स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि

### गुरु-शिष्यों ने स्वामी दयानंद सरस्वती को किया नमन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में गुरुवार को स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती श्रद्धा व प्रेरणा के साथ मनाई गई। प्राचार्य अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में गुरु-शिष्यों ने स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती का जीवन सत्य, साहस, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का आदर्श उदाहरण है।

### कश्मीरी युवाओं का किया स्वागत

**सोनीपत।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कश्मीर से आए युवाओं ने गुरुवार को सोनीपत स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय सोनीपत का भ्रमण किया। विधायक पवन ने कश्मीरी युवाओं का स्वागत किया। युवाओं को संबोधित करते कहा कि इस प्रकार के युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम देश की एकता, अखंडता व सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मांगें पूरी करवाने को सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

**गोहाना।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को गोहाना में विभिन्न विभागों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। कर्मचारी जींद रोड स्थित पार्क में एकत्रित और उसके बाद सडक़ पर उतरे। रोडवेज विभाग के कर्मियों ने बस स्टैंड में धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ गोहाना के अध्यक्ष सुरेश यादव, सीटू की जिला अध्यक्ष अनीता, कच्चा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र शर्मा और सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रेम सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### स्वयंसेवकों ने सीखा संचार कौशल और भाषा महत्व

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित बड़ौता के राजकीय महाविद्यालय में संचार कौशल के महत्व और भाषा विज्ञान विषय पर आयोजित 7 दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। स्वयंवेकों ने संचार कौशल और भाषा के महत्व की जानकारी हासिल की। स मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय बड़ौता से डा. सरिता मलिक ने स्वयंसेवकों को जीवन में संवाद के महत्व से गहराई से अवगत करवाया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बड़े ही सहज शब्दों में स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ तीर्थ के विकास का संकल्प

**गन्नौर।** सिद्धपीठ सतकुंभा धाम में चल रहे सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव के चौथे दिन धार्मिक अनुष्ठान के साथ तीर्थ के विकास का संकल्प भी लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने अनुष्ठान में सहभागिता करते धाम के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। चौथे दिन प्रातःकालीन पूजा, हवन यज्ञ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अरुण त्यागी ने हवन में आहुति डालकर क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उत्सव में शामिल होने की अपील की। भिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी उत्सव में भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती का 202वां जन्मोत्सव मनाया

# महर्षि दयानन्द का सती प्रथा के विरोध में महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत के आर्य समाज सेक्टर-14 में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का 202वां जन्मोत्सव समारोह संस्था प्रधान रविन्द्र आर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी के ब्रह्मत्व में यज्ञ संपन्न हुआ तथा महासचिव रविन्द्र कुकरेजा ने मंच संचालन किया। यज्ञोपरांत आर्योदय गुरुकुल सेक्टर-15 के अध्यक्ष संदीप श्रेयार्थी मुख्य प्रवक्ता रहे। उन्होंने महर्षि दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 1824 में गुजरात के टंकारा में हुआ था और उन्होंने वेदों के प्रचार, अंधविश्वास उन्मूलन, नारी सशक्तिकरण, बाल विवाह विरोध, विधवा विवाह समर्थन तथा सती प्रथा के विरोध में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 1875 में आर्य समाज की स्थापना कर सामाजिक सुधार आंदोलन की शुरुआत की और सत्यार्थ प्रकाश जैसे ग्रंथों की रचना की।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन आर्य समाज के विद्वान। फोटो: हरिभूमि

### राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे महर्षि दयानंद सरस्वती : जगदेव

**गोहाना।** सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में आर्य महासंघ के तत्वावधान में स्वामी दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ पुरोहित आर्य रविंदर व सहयोगी पंडित विजेंद्र आर्य और मुख्य यज्ञमान सतवीर आर्य व उनकीपत्नी शकुंतला आर्य थी। मुख्य अतिथि आर्य निर्मात्री सभा के जिला अध्यक्ष आर्य जगदेव ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती जी का इस धरती पर अवतरण 12 फरवरी 1824 गुजरात के टंकारा गांव में ऐसे समय हुआ जब समाज के चारों और पाखंड, आडंबर और रूढ़ियों का बोलबाला था। ऐसे विकट और अंधकारमय समय में उन्होंने समूल सुधार का बीड़ा उठाया उनकी प्रेरणा से महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने ऊंच-नीच, जात-पात, सती प्रथा, बाल विवाह और बलि प्रथा जैसी कुप्रथाओं का प्रबल विरोध किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता अशोक आर्य ने की। उन्होंने कहा स्वामी दयानंद ने 1875 में आर्य समाज की स्थापना की और सत्यार्थ प्रकाश नामक कालजयी ग्रंथ की रचना की। मंच संचालन आजाद सिंह दांगी ने किया। इस मौके पर नगर पार्षद प्रदीप लठवाल, रामेश्वर दास सैनी, धर्मपाल आर्य, राजदेव आर्य, आर्य राम अवतार, आर्य रविंद्र, आर्य आजाद, जयपाल माथुर, सत्यदेव आर्य, धर्मवीर मलिक, जगबीर कुंडू, रणधीर राठी, भूपेंद्र ठेकेदार और विनोद ठेकेदार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। समारोह के दौरान पूर्व मेजर जनरल जीडी बक्शी से सम्मान प्राप्त करते सोनीपत के पर्वतारोही अजय चौहान। फोटो :हरिभूमि

### पर्वतारोही अजय चौहान को किया सम्मानित

**सोनीपत।** जिला के पर्वतारोही अजय चौहान को पूर्व मेजर जनरल जीडी बक्शी ने उनके उत्कृष्ट पर्वतारोहण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विभिन्न प्रतिष्ठित अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान अजय चौहान ने मेजर जनरल जीडी बक्शी को कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि गीता वृक्ष के नीचे की मिट्टी भेंट स्वरूप प्रदान की, जिसे उन्होंने आत्मसम्मान व सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया।



खरखौदा। विद्यार्थी को साइकल भेंट करते हुए निशा मलिक। फोटो :हरिभूमि

### गुरुकुल मटिण्डू के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**खरखौदा।** गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिण्डू में विद्यार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की ओर से प्रोत्साहित किया गया और शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 4 से 12वीं तक के बेस्ट स्टूडेंट्स को अवार्ड दिया गया। इन छात्रों का चयन अनुशासन, शिक्षा, व्यवहार एवं अन्य सह- पाठयक्रम गतिविधियों के आधार पर किया गया। इस प्रोत्साहन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, उत्तम व्यवहार, सांस्कृतिक समझ तथा समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना था।

# खिलाड़ी निशा की अद्भुत उपलब्धि, खेल जगत में बढ़ाया प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

उपमंडल के गांव सिसाना की होनहार खिलाड़ी निशा ने अपनी मेहनत, लगन और बहुआयामी प्रतिभा के दम पर खेल जगत में एक अलग पहचान बनाई है। निशा ने एक ही खेल तक सीमित न रहते हुए रग्बी, पेंचक सिलाट, जूडो, कुश्ती, कबड्डी और ग्रैपलिंग जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। निशा ने रग्बी जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल यात्रा की मजबूत नींव रखी। इसके बाद उन्होंने पेंचक सिलाट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में 51–55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जूनियर नेशनल पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में इसी भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही जूडो जोन सीनियर प्रतियोगिता में उन्होंने 63 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी तकनीकी और शारीरिक क्षमता का परिचय दिया। गांव सिसाना और जिले में निशा की इन उपलब्धियों पर गर्व और खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि निशा आज की युवा पीढ़ी के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं और आने वाले समय में वह राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।



खरखौदा। बहुमुखी खिलाड़ी निशा को सम्मानित करते आयोजक।

### चैंपियनशिप के 60 किलोग्राम भार वर्ग में की भागीदारी

निशा ने कुश्ती में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किलोग्राम भार वर्ग में भागीदारी कर विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी टीम भावना और फिटनेस का प्रदर्शन किया। हाल ही में ग्रैपलिंग नोगी ऑल aइंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में 60 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर निशा ने यह साबित कर दिया कि वह हर चुनौती को स्वीकार करने का साहस रखती हैं। निशा की इस सफलता के पीछे उनके कुश्ती कोच आजाद सिंह का अहम योगदान रहा है। कोच आजाद सिंह बताते हैं कि निशा शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और सीखने की ललक रखने वाली खिलाड़ी रही हैं और उनके निरंतर मार्गदर्शन व प्रशिक्षण ने ही उसे इस मुकाम तक पहुँचाया है।

## शहरवासियों का गलियों व सड़कों पर चलना हुआ दुभर, पीछे से लोगों पर हमला कर रहे कुत्ते

# आवारा कुत्तों व बंदरों का उत्पात रोजाना 15 से ज्यादा लोग शिकार





सोनीपत। नागरिक अस्पताल में टीकाकरण कक्ष के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरभर में आवारा कुत्तों व बंदरों ने उत्पात मचा रखा है। लोगों को गलियों से गुजरना दुर्भर हो गया है। गलियों से निकलते हुए कुत्ते पीछे से आकर लोगों को काट रहे हैं, वहीं बदरों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। गलियों व सड़कों पर कुत्तों के झुंड राहगीरों व वाहन चालकों को काटने को दौड़ते हैं। ऐसे में रोजाना नागरिक अस्पताल में कुत्तों के काटे जाने वाले मरीजों की तादाद 15 से ज्यादा हो गई है। उधर प्रशासन आवारा कुत्तों व बंदरों के उत्पात पर कतई भी गंभीर नहीं है।

नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 600 ओपीडी होती है। कुल ओपीडी में करीब 40 प्रतिशत मरीज कुत्ते के काटे जाने के बाद टीकाकरण के लिए पहुंच रहे हैं। कुत्ते के काटे जाने पर मरीज को एंट्री रेबीज के 4 डोज लगाए जाते है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में सुबह से ही एंटी रेबीज टीकाकरण कक्ष के बाहर मरीज अपनी बारी का इंतजार करने लगते हैं। अस्पताल में इन दिनों 90 से 100 मरीज रोजाना टीकाकरण के लिए पहुंच रहे हैं। रोजाना अस्पताल पहुंचकर कोई मरीज पहला टीका लगा रहा होता है तो कोई दूसरा। वीरवार को भी 75 से 80 मरीज टीकाकरण के लिए अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों की मानें तो पिछले माह करीब 800 मरीज एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवा चुके हैं। अस्पताल में आयुष्मान या बीपीएल कार्ड धारकों को रेबीज का इंजेक्शन निशुल्क लगाया जाता है, जबकि अन्य मरीजों से 100 रुपये शुल्क प्राप्त किया जा रहा है।

### निगम का नसबंदी अभियान हुआ ठप

नगर निगम की ओर से दिसंबर 2025 में शहर के आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी की जा रही थी, लेकिन यह अभियान अब ठप हो चुका है। अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में शहर में कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रात के समय कुत्तों के झुंड गलियों में घूमते रहते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भय का माहौल बना रहता है। गुजरते समय कुते वाहन चालकों व राहगीरों को पीछे से काटने को दौड़ते हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से मामले में जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### बड़वासनी में 25 लोग बने बंदरों का शिकार

**सोनीपत।** गांव बड़वासनी में बंदरों का आतंक रोजाना बढ़ता जा रहा है। अब तक करीब 25 लोग बंदरों का शिकार बन चुके हैं। वीरवार को बंदरों ने दो लोगों को काट लिया। राज सिंह के कान को बंदरों ने बुरी तरह नोच डाला। जिला पार्षद संजय बड़वासनी व यशपाल बजाना ने बताया कि गांव बंदरों के काटने से 25 लोग जख्मी हो चुके हैं, जबकि एक बाहरी व्यक्ति की मौत हो चुकी है। मामले की शिकायत अधिकारियों को दी गई है। इसके बावजूद कुछ बंदरों को पकड़कर खानापूर्ति की गई है। मामले में बीडीपीओ अंकुर से समाधान की मांग की गई है। अन्यथा सोमवार को कार्यालय पर तालाबंदी कर रोष जताया जाएगा।

### बंदरों ने भी शहरवासियों में पैदा किया खौफ

कुत्तों के साथ अब शहरवासियों में बंदरों ने भी अपना खौफ पैदा कर दिया है। शहर के अलावा ग्रामीण अंचल में भी बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन बच्चे व बुजुर्ग बंदरों के हमलों का शिकार हो रहे हैं। बंदर घरों में घुसकर जहां सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं लोगों को भी अपना शिकार बना रहे हैं। बंदरों के काटे जाने के बाद भी रोजाना करीब 4 मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी

नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी नहीं है। रोजाना 600 ओपीडी में करीब 40 प्रतिशत मरीज कुत्ते के काटे जाने के बाद टीकाकरण के लिए पहुंच रहे हैं। कुत्ते के कटे जाने पर मरीजों को एंट्री रेबीज के 4 डोज लगाए जाते है।

-डॉ. संदीप शर्मा, फिजिशियन, नागरिक अस्पताल, सोनीपत



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश समारोह में जिला योग समन्वयक डा. विनोद को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# यज्ञ और योग सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग

- भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वमावि में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक माह तक चले कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि यज्ञ एवं योग हमारी सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद ने नारी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान देते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे बाल विवाह एवं सती प्रथा के उन्मूलन व विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहन देकर नारी सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी। उन्होंने छात्राओं से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जिला योग समन्वयक डा. विनोद कुमार ने सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान छात्राओं के समग्र स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मौके पर प्राचार्य सुमिता सिंह व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार उपस्थित रहे।

# अंशु और मुस्कान को मिस्टर व मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा

- एमआर वमावि में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महम रोड स्थित एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 12वीं कक्षा के छात्र अंशु को मिस्टर और छात्रा मुस्कान को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर किया।

मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में लक्ष्य के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। राजबीर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। विद्यार्थी जीवन में स्पष्ट और यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करना ही सफलता की कुंजी है। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की जबकि संयुक्त संयोजन अनु सरोहा और निधि सिंघल ने किया। समारोह में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार भेंट करके सम्मानित किया।



गोहाना। अंशु और मुस्कान को मिस्टर और मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजते हुए एमडी राजबीर शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# बुढ़ापा पेंशन काटने के विरोध में प्रदर्शन कल

- सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने बैठक में पहुंचकर सांकेतिक धरने की रूपरेखा पर विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि 14 फरवरी को कोर्ट रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने बुढ़ापा पेंशन काटने के लिए विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सांकेतिक धरना दिया जाएगा। धरने पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सुबह 11 बजे धरने का समय निधारित किया गया है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार जिला कांग्रेस भवन सोनीपत में जिलाध्यक्ष शहरी कमल दीवान, ग्रामीण संजीव दहिया व विधायक इंदूराज नरवाल सहित समस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक में शिरकत करने के उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज न सिर्फ सोनीपत में अपितू समस्त हरियाणा में बुढापा पेंशन को लेकर हाहाकार मची हुई है। बुजुर्ग लम्बी-लम्बी कतार में खड़े होने को मजबूर है, किसी की आय अधिक होने के नाम पर पेंशन काटी जा रही है, किसी को अन्य कोई कारण बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी यानि कल न सिर्फ सोनीपत के कांग्रेसजन अपितू पूरा जिला इस धरने में शामिल होगा। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रवासी धरने में भाग ले, ताकि सरकार को आइना दिखाने का कार्य किया जा सकें।

# एचओडी सुनील शर्मा ने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

- क्षेत्र के विद्यालयों एवं विकास कार्यो का निरीक्षण कर समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

वार्ड नंबर-8 अंतर्गत गांव राई में एचएसआईआईडीसी के एचओडी सुनील शर्मा का दौरा हुआ। उन्होंने क्षेत्र के विद्यालयों एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर समस्याएं सुनीं। स्कूल पहुंचने पर पुनीत राई व शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान सुनील शर्मा ने कहा कि स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी पढ़ाई-लिखाई व खेलकूद से संबंधित सभी प्रकार की सहायता सरकार द्वारा निरंतर दी जा रही है। यदि कहीं किसी प्रकार की कमी रह जाती है तो उसे भी जल्द से जल्द पूरा करने का कार्य किया जाएगा। शर्मा ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकगण, एचएसआईआईडीसी के जीएम ऋषि चौहान, राकेश कौशिक, लक्ष्मीनारायण शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



राई। एचएसआईआईडीसी के एचओडी सुनील शर्मा को मूलभूत सुविधा की जानकारी देते निगम पार्षद पुनीत राई। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

### डीएवी स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती धूमधाम से मनाई

**गन्नौर।** जयंती प्रसाद डीएवी स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित विचार प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण प्रेरणादायी बन गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज को वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया और अंधविश्वास, छुआछूत तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद का जीवन हमें सत्य, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वामी दयानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भजन एवं भाषण के माध्यम से भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने समाज सुधार और शिक्षा के प्रसार का संकल्प लिया। सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### हरिद्वार से उज्जैन तक 1,100 किमी यात्रा पूर्ण की

**गोहाना।** हरिद्वार से महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन तक दंडवत यात्रा पूर्ण कर भगत राहुल मलिक अपने पैतृक गांव रभड़ा पहुंचे। उन्होंने लगभग 1,100 किलोमीटर की यात्रा 540 दिनों की पूरी की। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसे सम्मानित किया। भगत राहुल मलिक को बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल भी अपना शुभाशीष देने पहुंचे।

गांव की सीमा से ही ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया और शोभायात्रा के रूप में उन्हें गांव में लेकर आए। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने भगत से आशीर्वाद प्राप्त कर उनकी तपस्या और अटूट श्रद्धा की सराहना की। बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ग्रामवासियों ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर धर्म सेवा की कामना की।

# कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : कमल दिवान

- जनसभा के दौरान जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया ने भी संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शास्त्री नगर स्थित गली नंबर 1, वार्ड नंबर 22 में बुधवार को जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दिवान एवं जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ अतिथियों का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दिवान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आमजन की आवाज उठाती रही है और जनता के हक की लड़ाई भविष्य में भी इसी मजबूती के साथ लड़ी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों से अवगत कराते हुए आह्वान किया कि आने वाले चुनावों के मद्देनजर संगठन की मजबूती के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कमल दिवान ने स्पष्ट किया कि संगठन की एकता ही वह शक्ति है जिससे विरोधियों को शिकस्त दी जा सकती है। जनसभा के दौरान जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया ने भी संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेम अत्री, श्रीप्रकाश, कृष्ण लाल पांचाल, अशोक शर्मा, जयवीर राठी, ऋतुराज, संतोष गुलियां, कमला मलिक, संतोष कादियान, नीलम बालियान, शकुंतला, चतर सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। सभा के दौरान उपस्थित हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अन्य।




राई। विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता व स्टाफ, छात्र। फोटो : हरिभूमि

### रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रांगण भावनाओं, उत्साह और मधुर यादों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। सीनियर विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में बिताए गए वर्ष उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेंगे। कई विद्यार्थियों की आंखें नम दिखाई दीं, जिससे समारोह का भावनात्मक वातावरण और भी गहरा हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा, "विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। आप सभी अपने जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाते हुए विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।"